वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 302 सोमवार 27 फरवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## जयपुर में विश्व का तीसरा बड़ा स्टेडियम लेने लगा आकार



### स्टेडियम की रिंग तैयार, फाउंडेशन के बाद पिलर खड़े होंगे, दो साल में पूरा होगा पहला फेज

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दर्शक क्षमता के लिहाज से अहमदाबाद के बाद भारत का दूसरा और दुनिया का तीसरा बड़ा क्रिकेट स्टेडियम जयपुर के चौमूं में आकार लेने लगा है। पिछले साल 5 फरवरी को इसकी नींव रखी थी। अब 25% काम हो चुका है। फाउंडेशन के बाद पिलर का काम चल रहा है। कुछ महीने काम बंद रहने से देर हुई, पर अब निर्माण गति पकड़ेगा। छत्तीसगढ़ की निर्माण कंपनी के इंजीनियर्स सहित 300 से ज्यादा मजदूर इसमें जुटे हैं। इस साल मूल ढांचा तैयार हो जाएगा। स्टेडियम पूरी तरह तैयार होने में 5 साल लगेंगे, लेकिन पहला फेज 24 महीने में पूरा करने का दावा है। निर्माण दो फेज में होगा। पहले फेज में 45 हजार दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम बनेगा। इसमें इनडोर हॉल, पवेलियन भी शामिल है। दूसरे फेज में क्षमता बढ़ाकर 75 हजार दर्शक करेंगे। यहां इंडोर गेम्स, अन्य खेलों के ट्रेनिंग सेंटर, क्लब हाउस और साढ़े तीन हजार वाहनों की पार्किंग भी बनेगी। दर्शकों के लिए दो रेस्टोरेंट, खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की 30 प्रेक्टिस नेट होगी। एक लाख से ज्यादा दर्शक क्षमता के 2 स्टेडियम हैं। गुजरात का नरेंद्र मोदी स्टेडियम 1.10 लाख, ऑस्ट्रेलिया का मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम 1.02 लाख दर्शक क्षमता का है। चौंप तीसरा बड़ा स्टेडियम होगा। 11 पिच होंगी, 2 प्रैक्टिस ग्राउंड, 3500 गाड़ियां पार्क होंगी। पहले फेज में आरसीए 300 करोड़ रु. खर्च करेगा। 100 करोड़ बीसीसीआई से मिलेंगे।

## पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए चलाया अभियान



**जयपुर. कासं**

शुभ विचार संस्था जयपुर की ओर से वन विभाग राजस्थान सरकार की सहभागिता में आम जन और विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभविचार के संस्थापक जीतेंद्र शर्मा ने बताया कि मुख्य वक्ता डॉ वैष्णवी गुप्ता ने पर्यावरण पर शोध परक व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि किस तरह विज्ञान युग में हम प्रति दिन पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे और इस को कैसे रोका जा सकता है। शोधार्थी जीतेंद्र शर्मा ने कहा कि वन, वन्य जीव एवम पर्वत हमारे पर्यावरण के अभिन्न अंग है, जिनका सरंक्षण करना हमारा नैतिक कर्तव्य आवश्यक है। हिन्दू धर्म में वृक्ष, जीव और पहाड़ को देवता मानकर पूजा की जाती है। इस दौरान व्याख्यान माला में विशेष रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले मुनेश सिंह चौहान, नेहा बैरवा, अंजली कुमावत, मनीषा कंवर, जीतू काजला, केशव भडाणा, मुकेश मीना, राहुल चौधरी, अंकित प्रजापत को प्रशस्ति पत्र दे कर अतिथि क्षेत्रीय वन अधिकारी राजपाल शर्मा ,प्राचार्या डॉ नीरू शर्मा की उपस्थिति में संस्था की ओर से सम्मानित किया गया।

## एयर कनेक्टिविटी को पंख लगे...

### देशभर में फ्लाइट संचालन में 11वें और यात्रीभार में 12वें नंबर पर रहा जयपुर

**जयपुर. कासं।** प्रदेश में पर्यटन सीजन की रौनक के साथ-साथ एयर कनेक्टिविटी को भी पंख लगे हुए हैं। जनवरी में जयपुर एयरपोर्ट ने फ्लाइट संचालन को लेकर नई छलांग लगाई है। जयपुर एयरपोर्ट से जनवरी के दौरान 3978 फ्लाइट संचालित हुई हैं। यह कोविड से पहले संचालित फ्लाइट मूवमेंट की तुलना में भी ज्यादा है। बड़ी बात यह है कि फ्लाइट संचालन के लिहाज से देश के टॉप व्यस्त एयरपोर्ट की बात




करें तो इस सूची में जयपुर एयरपोर्ट 11वें नंबर पर जा पहुंचा है। दरअसल जनवरी, 2023 के दौरान जयपुर एयरपोर्ट से कुल 3978 फ्लाइट्स संचालित हुई हैं। यानी रोजाना औसतन 64 फ्लाइट्स का डिपार्चर और 64 फ्लाइट्स का ही अराइवल हुआ है। जयपुर एयरपोर्ट के ही समकक्ष माने जाने वाले लखनऊ और गुवाहाटी एयरपोर्ट की तुलना में जनवरी, 2023 में जयपुर से फ्लाइट संचालन अधिक रहा है। जनवरी में लखनऊ से रोजाना औसतन 63 , जबकि गुवाहाटी एयरपोर्ट से रोजाना औसतन 62 फ्लाइट्स संचालित हुई हैं। दूसरी तरफ जनवरी में जयपुर एयरपोर्ट से 4 लाख 77 हजार 839 यात्रियों ने यात्रा की है, मगर दिसंबर की तुलना में 19 हजार यात्रीभार कम है। यात्रीभार के मामले में जयपुर एयरपोर्ट अपने समकक्ष एयरपोर्ट गुवाहाटी की तुलना में आगे, जबकि लखनऊ की तुलना में पीछे रहा है।





# प्रकृति, पर्यावरण और मानवीय संवेदना को परिलक्षित करती हैं FARM FIVE प्रदर्शनी

## लेकसिटी की टखमन आर्ट गैलरी में तीन दिवसीय आर्ट एक्जीबिशन शुरू



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

आधुनिक कला की विभिन्न विधाओं को साथ लेकर झीलों की नगरी में स्थानीय प्रतिभाशाली युवा कलाकार वागाराम सहित पांच परदेसी मेहमान महिला कलाकारों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी रविवार शाम 5 बजे शुरू हुई। अंबामाता स्कीम स्थित टखमन कला दीर्घा (चरक हॉस्टल के पास) में इसका उद्घाटन वयोवृद्ध चित्रकार प्रो. सुरेश शर्मा ने किया। कलाकार समन्यक वागाराम ने बताया कि सभी विदेशी महिला कलाकारों ने विगत एक माह राजस्थान में ही रहकर प्रदेश के खास रीति रिवाज, खान पान, जीवन शैली और पहनावे से प्रभावित होकर काम किया है। जिनमें अमरीका से आईं इवी ने प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग करके साइनोटाइप फोटोग्राफी आर्ट, जर्मनी की एलिनोर ने आर्किटेक्चर फॉम में टू डी/थ्री डी, चैक रिपब्लिक की एलिस्का ने मिरर फेमिनिज्म, इटली की लाविनिया ने हैंडमेड शीट पर जल रंगों के प्रयोग से प्रकृति चित्रण का अभिनव सृजन किया है। वहीं, वागाराम और कनाडा की मोनिक रोमिको अपने वीडियो तकनीक के साथ मेल फीमेल रिलेशन कलेक्टिव वर्क डिस्प्ले से आमजन को लुभाते हैं। इनके अलावा कनाडा से आई एक अन्य डांसर आर्टिस्ट किम अपने आउट डोर इंस्टालेशन द्वारा प्रतीकात्मक रूप से पुनर्जन्म को रेखांकित करती हैं। इस खास मौके पर एल एल वर्मा, ललित शर्मा, संदीप पालीवाल, नसीम अहमद, आरके शर्मा, विजेंद्र देवड़ा, डॉ. चित्रसेन, मयंक शर्मा, सीपी चौधरी, शीतल चौधरी, शमिष्ठा, मनोज कुमार कलोशिया, ललित चौधरी, मकबूल अहमद, मोहम्मद यूनुस सहित कई कलाकार मौजूद रहे। गौरतलब है कि यह प्रदर्शनी आमजन 28 फरवरी तक रोजाना 10 से शाम 7 बजे तक निशुल्क देख सकते हैं।

**रिपोर्ट/फोटो: राकेश शर्मा 'राजदीप'**
**मोबाइल:9829050939**

# संस्कार और संस्कृति के संरक्षण के लिए देश भर में नवलखा महल जैसे केन्द्र जरूरी: आचार्य देवव्रत



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

महर्षि दयानंद सरस्वती ने जहां बैठकर कालजयी ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश की रचना की, उदयपुर के गुलाबबाग स्थित उस नवलखा महल के नए स्वरूप का लोकार्पण रविवार को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने किया। इस अवसर पर उन्होंने सत्यार्थ प्रकाश न्यास उदयपुर को 5 लाख रुपये प्रदान करने तथा ऐसा ही केन्द्र कुरुक्षेत्र स्थित गुरुकुल में स्थापित करने की घोषणा के साथ कहा कि संस्कार और संस्कृति के संरक्षण के लिए समर्पण के साथ नए स्वरूप से वेदोक्त ज्ञान को सहजता से समझाने के लिए ऐसे ही केन्द्रों की आवश्यकता है। उन्होंने देश भर से आए आर्य समाज के प्रतिनिधियों से इस तरह के केन्द्र स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ाने का आह्वान किया। आचार्य देवव्रत ने महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना से पूर्व बनाई गई गौ-कृषि आदिरक्षिणी सभा का जिक्र करते हुए कहा कि महर्षि भी यह संदेश दे गए कि भारत को वैभवशाली बनाना है तो उसका मूल आधार गाय और खेती है। वे इसी दिशा में लगातार काम कर रहे हैं और अब तो देश की केन्द्र सरकार ने भी बजट में प्राकृतिक खेती के लिए प्रावधान किया है। उन्होंने आर्य समाज के प्रतिनिधियों से सदस्यता बढ़ाने का आह्वान किया। साथ ही, नए गुरुकुलों की स्थापना करने और जो गुरुकुल चल रहे हैं उन्हें संभालने की भी बात कही। साथ ही उन्होंने बेटियों को शिक्षा को भी महत्वपूर्ण बताया। इससे पूर्व, न्यास के अध्यक्ष डॉ. अशोक आर्य ने राज्यपाल सहित अतिथियों को नवलखा महल की विभिन्न वीथिकाओं का अवलोकन करवाया। इसके बाद उन्होंने नवलखा महल के समीप गुलाबबाग के हाथी वाले उद्यान में आयोजित मुख्य समारोह में देश भर से आए आर्य समाज के प्रतिनिधियों और सहयोग प्रदान करने वाले दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। समारोह में ग्वालियर से आए वैदिक विद्वान चन्द्रशेखर शर्मा, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान सुरेश चन्द्र आर्य, जेवीएम ग्रुप के चेयरमैन उद्योगपति एस.के. आर्य, बागपत के सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए। गौरतलब है कि लोकार्पण समारोह के प्रारंभ में ब्रह्मा आचार्य वेद्रप्रिय शास्त्री ने वेद मंत्रों की ऋचाओं से यज्ञ सम्पन्न कराया। मुख्य यजमान डालर ग्रुप के चेयरमैन दीनदयाल गुप्त सपत्नीक तथा पूर्व लोकायुक्त सज्जनसिंह कोठारी, कुलभूषण शर्मा आदि सहयोगी यजमान रहे।

**रिपोर्ट: राकेश शर्मा 'राजदीप'**
**मोबाइल : 9829050939**

## भगवान चंद्र प्रभु का मोक्ष कल्याणक दिवस पर शांति मण्डल विधान का हुआ आयोजन



**निवाई. शाबाश इंडिया**

सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान मे श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर एवं बंपुई वालों के मंदिर सहित सभी दिगम्बर मंदिरों मे भगवान चंद्र प्रभु का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया जिसमें श्रद्धालुओं ने विश्व में शांति की कामना के लिए भगवान चंद्र प्रभु की शांतिधारा कर शांति मण्डल विधान की पूजा अर्चना की। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर जैन समाज के श्रद्धालुओं ने देव शास्त्र गुरु के साथ भगवान चंद्र प्रभु की विशेष पूजा अर्चना की। इस अवसर पर शांति मण्डल विधान का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने श्री जी के अभिषेक करके पांच मंगल कलश की स्थापना कर शांति मण्डल विधान की गाजेबाजे के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जयघोष के द्वारा भगवान चंद्र प्रभु के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मोक्ष कल्याणक लड्डू चढ़ाया। जौंला ने बताया कि रविवार को शहर के सभी जैन मंदिरों में भगवान चंद्र प्रभु के समक्ष निर्वाण काण्ड बोलकर गाजेबाजे के साथ मोक्ष लड्डू चढ़ाया।

## रंगारंग कार्यक्रमों के बीच मना वार्षिकोत्सव 'जंबो के वनबंधु'



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पोदार जंबो किड्स का वार्षिकोत्सव ''जंबो के वनबंधु'' अनोखे अंदाज में जवाहर नगर स्थित एमपीएस स्कूल के सभागार में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूल की सी-स्कीम, चित्रकूट और अजमेर रोड शाखा के विद्यार्थियों ने अलग-अलग राज्यों के आदिवासीयों की कला संस्कृति की झांकी को सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शाया। संस्था के चेयरमैन राघव पोदार ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी शालिनी राज रही। इस मौके पर स्कूल के 300 से ज्यादा बच्चों ने अपनी मनमोहक अदाओं व प्रस्तुति से उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चे सभी के बीच आकर्षण का केन्द्र रहे। करीब 3 घंटे के इस आयोजन में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी।

# कदयाया में भगवान जिनेन्द्र देव विमान के साथ निकली शोभायात्रा



### भक्तों ने उतारी आरती

### भक्तों की जय जय कार के बीच हुआ कलशाभिषेक

**कदवाया. शाबाश इंडिया**

जिला मुख्यालय से पचास किलोमीटर दूर स्थित कदवाया में भगवान जिनेन्द्र देव के भव्य विमान महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें अंचल से भक्तों के समूह पहुंच कर श्रद्धा पूर्वक अपनी भक्ति समर्पित की इसके पहले भगवान जिनेन्द्र देव के विमान का शुभारंभ श्री जिन मन्दिर जी से हुआ जो प्रमुख मार्गों से होते हुए अशोक नगर रोड तक गया वहां से यह शोभायात्रा मैंन बाजार होते हुए सभा स्थल पर पहुंचा इस शौभायात्रा में आगे आगे वैन्ड वाजे उसके पीछे अहिंसा धर्म के प्रतीक केशरिया ध्वजो उसके पीछे महिला मंडल उसके बाद संगीत पार्टी इसके बाद दिव्य घोष के साथ भगवान जिनेन्द्र देव का विमान में विराजमान श्री जी के आगे आगे नाचते गाते जय जयकार करते हुए भक्त चल रहे थे इस दौरान सम्पूर्ण मार्ग को तोरणद्वार रांगोली से सजाया गया यह शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर धर्म सभा में वदल गई जहां मंगलाचरण हुआ।

### समाजिक क्षेत्र में कार्य करना भी पुण्य की क्रिया है: विजय धुर्रा

इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आज विमान महोत्सव का भव्य आयोजन वह भी विवाह समारोह की पचास वी वर्षगांठ पर सराहनीय है सामाजिक क्षेत्र में कार्य करना भी पुण्य का ही काम है हम सब मंगलदीप परिवार शुभकामनाएं देते है इस दौरान वैवाहिक जीवन की पचास वी वर्षगांठ पर डा राजेन्द्र कुमार का दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघाई, प्रचार मंत्री विजय धुर्रा, कोषाध्यक्ष सौरव वाझल, पूर्व महामंत्री राकेश कासल ने शाल श्रीफल से अभिनन्दन किया इसके पहले विधायक प्रतिनिधि महेंद्र शर्मा अशोक पाटनी गोलाकोट कमेटी के पूर्व महामंत्री कीर्ति जैन सहित अंचल से आये भक्तों का सम्मान डी के जैन प्रमोद मंगलदीप पूर्व अध्यक्ष डॉ निर्मल जैन समाज के अध्यक्ष सतीश जैन सुनील मंगलदीप के निर्देश में किया गया। धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए वाल ब्रह्मचारी वहन सीमा दीदी ने कहाकि भगवान विमान जी में विराजमान होकर आज नगर भ्रमण कर सभी की मंगल भावना भा रहें हैं पंच परमेश्वर की शरण में जाये भगवान महावीर स्वामी की शरण सभी को मिले डऐ इस दौरान अनीता दीदी ने अपने ने भी अपने अदगार व्यक्त किए इस दौरान युवा वर्ग के संरक्षण शैलेन्द्र श्रागर ने अपने मधुर भजन दिए इसके बाद भगवान के कलशाभिषेक का सौभाग्य भक्तों ने प्राप्त किया शान्ति धारा प्रशुन कुमार मंगल दीप विजय कुमार जैन ने की फूल माल पवन कुमार जैन ज्ञान माल देवेन्द्र कुमार सिंघाई चारित्र माल प्रसन्ना सर अशोक नगर ने प्राप्त की। सभार सुनील मंगल दीप पूर्व अध्यक्ष डॉ निर्मल कुमार जैन व्यक्त किया सभा का संचालन पंडित अनुभव शास्त्री खनियांधाना ने किया।

## अशोक जैन 'नेता' तीसरी बार जय जवान कॉलोनी जैन मंदिर के अध्यक्ष बने



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर जय जवान कॉलोनी, टोंक रोड के सम्पन्न हुए चुनाव में अशोक जैन 'नेता' को तीसरी बार अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा कायकारिणी में भागचंद जैन उपाध्यक्ष, राजेन्द कुमार जैन मंत्री, राजेन्द्र पांडया सहमंत्री और एकेन्द्र कुमार जैन को कोषाध्यक्ष बनाया है, साथ ही अनिल ठोलिया, जितेन्द्र गंगवाल, निर्मल लुहाड़िया, विशाल शाह, राजीव जैन, अशोक बख्शी को सदस्य चुना गया। साथ ही इस कार्यकारिणी में विनोद कुमार जैन, निर्मल कुमार संघी, मृदुला पाटनी, मीना जैन और रामावतार जैन को सह सदस्य बनाया है।

## वेद ज्ञान

### किसी का सहारा बनें...

सहारा मनुष्य को अकर्मण्य, आलसी और अहंकारी बना सकता है और सहारा उसे मेहनती, कर्मठ और विनम्र भी बना सकता है। यह व्यक्ति पर निर्भर है कि वह उसे मिले सहारे को किस रूप में देखता और उसका कैसे इस्तेमाल करता है। हमारे द्वारा मिले थोड़ा-सा खाद-पानी के सहारे एक बीज पेड़ बनकर लोगों को खाने के लिए मीठे-रसीले फल देता है, जबकि दूसरा बीज उसी खाद-पानी के सहारे विष भी उत्पन्न कर सकता है। यदि हम यहां नकारात्मक पक्ष की चर्चा ज्यादा न करें तो सहारा मनुष्य के लिए एक उत्प्रेरक का काम करता है। यहां एक निराश युवक से जुड़ा प्रकरण उल्लेखनीय है। एक बुजुर्ग उसके पास आए और उससे उसकी चिंता का कारण जानना चाहा। युवक ने बताया कि उसके साथी ने उसके साथ धोखा किया जिसकी वजह से उसे अपने कारोबार में घाटा हुआ और अब दोबारा कारोबार करने के लिए उसके पास पैसे नहीं हैं। यह सुनकर बुजुर्ग व्यक्ति ने चेक बुक निकाली और पांच लाख रुपये का एक चेक काटकर उसके हाथ में रख दिया। यह देखकर युवक चकित रह गया, लेकिन बुजुर्ग ने उसे यह हिदायत दी कि इस पैसे का वह तभी इस्तेमाल करे जब उसे बहुत जरूरी लगे। एक अनजान व्यक्ति से इस तरह का सहारा पाकर युवक काफी खुश हुआ और उसने दोगुने उत्साह के साथ अपना कारोबार फिर से शुरू किया। उसे अपने कारोबार की अच्छी समझ थी और बाजार में भी उसकी अच्छी साख थी। सो वह अपना कारोबार पुनः स्थापित करने में सफल हुआ। तब उसे अनजान बुजुर्ग और उनके दिए चेक की याद आई। वह उस बुजुर्ग को देखने गया, लेकिन इस बार उसे वह बुजुर्ग व्यक्ति कहीं दिखाई नहीं दिए। पास में ही एक अस्पताल था। उसने वहां जाकर बुजुर्ग व्यक्ति के संबंध में जानकारी लेनी चाही तो उसे मालूम चला कि उनका निधन हो गया। वे एक मानसिक रोगी थे और वे सभी को इसी प्रकार चेक दिया करते थे, जबकि उनके बैंक खाते में इतने ज्यादा रुपये भी नहीं थे। किसी ने ठीक ही कहा है कि दरिया बनकर डुबाने के बजाय जरिया बनकर किसी को बचाया जाए। हमारे आसपास बहुत बड़ी संख्या उन लोगों की है जिनमें हर तरह की प्रतिभा और सामर्थ्य है, लेकिन किसी के सहारे के अभाव में वे अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाते।

## संपादकीय

# मौतों का आंकड़ा...

कानून के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद किसी भी व्यक्ति की मार-पिटाई करना वर्जित है। पुलिस और जांच एजंसियों की नियम-कायदों को ताक पर रख कर और मानवाधिकारों की परवाह किए बगैर मनमानीपूर्ण तरीके से कार्रवाई करने की कोशिश प्रकट तथ्य है। अपराधियों को सुधारने और आपराधिक मामलों में जानकारियां जुटाने के नाम पर कई बार गिरफ्तार किए गए लोगों की इस बेरहमी से पिटाई की जाती है कि वे हिरासत में ही जान गंवा बैठते हैं। इसे लेकर लंबे समय से अंगुलियां उठती रही हैं, मगर चिंता का विषय है कि हिरासत में होने वाली मौतों का आंकड़ा कम होने का नाम नहीं ले रहा। जिन राज्यों में सरकारों ने सुशासन के नाम पर पुलिस को मुक्तहस्त कर रखा है, वहां ऐसी मौतों का आंकड़ा अधिक है। इसी के मद्देनजर करीब दो साल पहले सर्वोच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय, राष्ट्रीय जांच एजंसी, केंद्रीय जांच ब्यूरो और देश के सभी पुलिस थानों को छह हफ्ते के भीतर अपने दफ्तरों में सीसीटीवी कैमरे और रिकार्डिंग उपकरण लगाने का आदेश दिया था। मगर पुलिस थानों में इस दिशा में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हो पाई है। अब सर्वोच्च न्यायालय ने सख्ती बरतते हुए कहा है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की सरकारें अपने यहां के थानों में एक महीने के भीतर सीसीटीवी और रिकार्डिंग उपकरण लगाएं, नहीं तो उनके गृह सचिवों और मुख्य सचिवों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। देखना है, इस कड़ाई का कितना असर हो पाता है। कानून के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद किसी भी व्यक्ति की मार-पिटाई करना वर्जित है। मगर पुलिस के कामकाज में अभी तक वही औपनिवेशिक ठसक बनी हुई है, इसलिए वह मार-पिटाई को अपना मुख्य हथकंडा मानती है। यही स्थिति प्रवर्तन निदेशालय, राष्ट्रीय जांच एजंसी और केंद्रीय जांच ब्यूरो का है। वे भी तथ्य उगलवाने के नाम पर ऐसी ज्यादतियां करते देखे जाते हैं। मगर पुलिस इस मामले में कुछ अधिक बदनाम है। वह तो रसूखदार लोगों के प्रभाव में कई बार, बेकसूर होने के बावजूद, किसी को सबक सिखाने के मकसद से भी उठा लाती और थाने में बंद कर इस कदर पिटाई करती है कि वह दम तोड़ देता है। ऐसे अनेक उदाहरण मौजूद हैं, जब पुलिस ने किसी को बेवजह मारा-पीटा और उसे मार डाला। इस तरह की यातना झेलने वालों में ज्यादातर गरीब तबके के लोग होते हैं। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने थानों में कैमरे लगाने का आदेश दिया था, ताकि जब भी ऐसी शिकायतें आएं तो उन मामलों के तथ्यों को जाना-समझा जा सके। फिर इस तरह पुलिस पर एक मनोवैज्ञानिक दबाव भी रहे। मगर साफ है कि न तो राज्य सरकारें पुलिस के कामकाज का तरीका बदलना चाहती हैं, न पुलिस खुद अपने को बदलना चाहती है। पुलिस सुधार को लेकर अब तक गठित आयोगों और समितियों ने कई मूल्यवान सुझाव दिए हैं, मगर उन पर केंद्र सरकार ने भी कभी गंभीरता से विचार करने की जरूरत नहीं समझी। इसलिए पुलिस मनमानी से बाज नहीं आती। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# हंगामे हजार...

आखिरकार दिल्ली नगर निगम के महापौर और उप महापौर का चुनाव संपन्न हो गया। जैसी कि उम्मीद थी, दोनों पदों पर आम आदमी पार्टी को विजय हासिल हुई। पिछले साल दिसंबर के पहले हफ्ते में नगर निगम चुनाव के नतीजे आए थे और उसमें आम आदमी पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला था। इसलिए माना जा रहा था कि महापौर के पद पर भी उसी के प्रत्याशी की जीत होगी। शुरू में भाजपा ने कह दिया था कि वह इन दोनों पदों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी। मगर जब आम आदमी पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी तो भाजपा ने भी अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। तभी से कयास लगाए जाने लगे थे कि जब सदन में भाजपा को किसी भी तरह से बहुमत हासिल नहीं है तो आखिर वह अचानक चुनाव मैदान में उतर क्यों रही है। वहीं आम आदमी पार्टी इसमें कोई साजिश तलाशने लगी। उसे आशंका थी कि भाजपा कोई तोड़फोड़ करके उसी तरह अपना महापौर बनाने का प्रयास करेगी, जिस तरह चंडीगढ़ नगर निगम में उसने किया था! इसके चलते उसने भाजपा की हर गतिविधि पर प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। नतीजा यह हुआ कि तीन बार टलने के बाद अब चौथी बार चुनाव हो भी पाए, तो सर्वोच्च न्यायालय की दखल के बाद। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और भाजपा की तनातनी किसी से छिपी नहीं है। जब से वर्तमान उपराज्यपाल ने कार्यभार संभाला है, तब से दोनों के रिश्ते लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। उसका असर नगर निगम चुनाव पर भी साफ दिखा। उपराज्यपाल ने बिना सरकार की सलाह के दस सदस्यों का मनोनयन कर दिया। फिर कहा कि ये सदस्य भी महापौर चुनाव में मतदान कर सकते हैं। इसे आम आदमी पार्टी ने संवैधानिक चुनौती दी और दोनों के बीच तल्ख बयानबाजी हुई, जिसे एक सरकार और उपराज्यपाल के बीच मर्यादित नहीं माना जाता। उपराज्यपाल अपने अधिकार क्षेत्र को लेकर अड़े रहे, तो आम आदमी पार्टी सरकार अपने अधिकारों को लेकर। इसी तनातनी में मामला सर्वोच्च न्यायालय में पहुंचा और वहां से फैसला आम आदमी पार्टी के पक्ष में आया। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि मनोनीत सदस्य इस चुनाव में मतदान नहीं कर सकते और उप महापौर का चुनाव महापौर की निगरानी में ही होगा। अदालत ने इसे लेकर कड़ी टिप्पणी भी की थी कि देश की राजधानी के महापौर चुनाव में इस तरह की राजनीतिक धींगामुश्ती हैरान करने वाली है। इस फैसले के बाद स्वाभाविक ही आम आदमी पार्टी की आशंकाएं दूर हो गईं और उसे अपनी जीत सुनिश्चित नजर आने लगी। करीब दस साल बाद दिल्ली में फिर से एक महिला महापौर बनी हैं। वे युवा हैं और उत्साही भी। अपनी जीत के बाद उन्होंने चुनाव के समय किए गए वादों को पूरा करने और दिल्ली के लिए बेहतर काम करने का संकल्प दोहराया। दिल्ली के महापौर को नगर निगम को लेकर कोई फैसला लेने के लिए स्वतंत्र माना जाता है। ऐसे में नए महापौर के सामने चुनौती होगी कि उनकी पार्टी ने चुनाव के वक्त जिन कमियों पर भाजपा को घेरने का प्रयास किया था, उन्हें कैसे दूर करना है। कूड़े के पहाड़ हटाने की तरफ सबकी नजर रहेगी। फिर निगम के कर्मचारियों के वेतन आदि के मद में केंद्र से मिलने वाले धन को लेकर खींचतान चलती रहती है, उसमें कैसे संतुलन सधेगा, यह देखने की बात होगी।



# अंबिकापुरी में समाज श्रेष्ठीयों ने किया चंद्रनाथ जिनालय का शिलान्यास



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। 60 फीट रोड स्थित अंबिका पुरी कॉलोनी में श्री दिगंबर जैन चंद्रनाथ जिनालय का शिलान्यास एवं निर्माण कार्य का शुभारंभ विधानाचार्य पंडित नितिन झांझरी के निर्देशन में समाज श्रेष्ठियों ने किया। मुख्य शिलान्यास कर्ता एडवोकेट सुनील कुमार शैलबाला गंगवाल परिवार एवं सहयोगी थे सी ए राहुल बोबरा, अंकित नेहा कटारिया, राजेश कानूगो (डीसेंट) एवं संजय जैन परिवार। इस अवसर पर चंदा प्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष में तीन निर्वाण लाडू भी चढाए गए जिसके पुण्यार्जक नीलेश नीरज टैलेंट परिवार, अजय सुखनंदन जैन एवं आयांश अनिल कटारिया थे। प्रारंभ में हुकमचंद सावला, हंसमुख गांधी, एवं कैलास वैद ने प्रभु प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिनालय ट्रस्ट के अध्यक्ष विजेंद्र सोगानी ने अंबिकापुरी में मंदिर निर्माण की आवश्यकता एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। समारोह मैं समाज श्रेष्ठी श्री दिगंबर जैन समाज सामाजिक सांसद के मंत्री डॉक्टर जैनेन्द्र जैन नरेंद्र वैद्, टी के वेद, कमल सेठी एवं पूर्व पार्षद टीनू जैन, मनोज काला, एवं पवन जैन सहित काफी संख्या में समाज जन उपस्थित थे। संचालन सोगानी एवं आभार व्यक्त डॉक्टर अभिषेक सेठी ने किया।




# महिला महासमिति सांगानेर का फागोत्सव सम्पन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति सांगानेर संभाग ने फागोत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम किया गया । मंगलाचरण की प्रस्तुति नितिका जैन ने की । हाउजी व अनेक प्रकार के सरप्राइज गेम्स के साथ साथ फागुन की रानी का चयन किया गया । निर्णायक माओ जैन व मिनल जैन ने प्रथम रनरअप रागिनी और दितीय रनरअप अनुप्रिया रही ,फागुन की रानी शीला पाटनी को खिताब दिया महासमिति राजस्थान अंचल के वरिष्ठ सदस्य श्रीमती वन्दना , शालीनी बाकलीवाल ,विद्युत लुहाडिया,सुशीला छाबड़ा ने कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर शोभा बढाई। पुर्व अध्यक्ष सरोज पाण्डया का मोमेंटो देकर स्वागत किया । संरक्षक श्रीमती उषा बनेठा ने स्वागत किया उनका साथ संभाग की कोषाध्यक्ष सविता कासलीवाल , आशा जैन , प्रेम लता छाबड़ा व अनिता बाढधार ने दिया । संभाग की मंत्री विनिता अजमेरा द्वारा बाडी चैकअप कैम्प का भी आयोजन हुआ। अध्यक्ष अंजना जैन का कार्यक्रम संयोजक सपना पूनम, सुरभि, मीनाक्षी व निधी पाटनी के सहयोग किया ओर संचालन शिखा पाटनी ने किया ।इस अवसर पर महावीर जी मे किए गए नाटक के पुरस्कार वितरण किया गया।

## श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर देवीपुरा में

# मूलनायक भगवान चन्द्रप्रभु को चढ़ाया मोक्ष कल्याणक लाडू

**सीकर. शाबाश इंडिया**

जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर 1008 भगवान चन्द्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक स्थानीय श्री चंद्रप्रभु मंदिर देवीपुरा में संगीतमय विधान के साथ पूजन करते हुए लाडू चढ़ाकर मनाया। जानकारी देते हुए अध्यक्ष पदम पिराका ने बताया कि इस अवसर पर विमल कुमार, आलोक कुमार, डॉ विकास कुमार बिनायक्या परिवार, स्व. श्री मोहनलाल जी स्व. श्रीमती मनोहरी देवी छाबड़ा (सेसम वाले) परिवार, महावीर प्रसाद, नरेश कुमार, महेश कुमार काला (लालास वाले) परिवार, पूरणमल श्रीमती पाना देवी जयपुरिया परिवार, केसरीमल, पदमचंद ,अरुण कुमार पिराका परिवार द्वारा सामूहिक रूप से प्रातः भगवान के अभिषेक व शांतिधारा की गई । तत्पश्चात विधानाचार्य पंडित कवि अनेकांत जैन, आदित्य शास्त्री व पंडित आशीष जैन शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चार व संगीतकार मुकेश जैन एण्ड पार्टी महुवा द्वारा संगीतमय विधान पूजन करते हुए पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ भगवान को मोक्ष कल्याणक लाडू चढ़ाया गया। पंडित आशीष जैन ने बताया कि आज ही के दिन फाल्गुन सुदी सप्तमी को जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु सौ मुनियों के साथ ललित कूट सम्मेद शिखर जी से मोक्ष गए थे। मंत्री पंकज दुदवा ने बताया कि इस पावन अवसर पर भगवान का मोक्ष कल्याणक का मुख्य लाडू चढ़ाने का सौभाग्य कैलाशचंद, अंकुर कुमार, अंतरिक्ष कुमार जयपुरिया परिवार को प्राप्त हूआ व भगवान के नित्य अभिषेक हेतु चांदी का छत्र चढ़ाने का सौभाग्य नथमल अभिषेक कुमार जयपुरिया परिवार को प्राप्त हुआ । शाम को सभी ने संगीतमय आरती के साथ भक्तामर महामंत्र के पाठ के आयोजन में हिस्सा लिया । इस अवसर पर जैन वीर संगठन के अध्यक्ष नवीन कासलीवाल ने बताया कि जैन वीर संगठन के तत्वावधान में अड़तालिस रजत दीपकों को प्रज्वलित करके मंत्रोच्चार के साथ भक्तामर पाठ का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्रदीप सेसम, अशोक पहाड़िया माणकचंद जयपुरिया बबल दुदवा, मोनू जयपुरिया, सुनील दुदवा, रामेश्वरलाल पाटनी, महेश लालास, नरेश लालास, पवन पहाड़िया, पवन कासलीवाल, महावीर कतरास, विनय कालिका, सूरज काला, हरीश बड़जात्या, स्वरूप पाटनी, आलोक बिनायक्या , चिरंजीलाल कासलीवाल, संजय दुधवा नरेश कालिका अजीत जयपुरिया देवेंद्र छाबड़ा नरेंद्र सेटी सहित जैन समाज के अनेक महानुभाव उपस्थित थे ।



# उद्योगपति अजय अजमेरा के नेतृत्व में आयोजित हुआ भारतीय जैन संघटना, सूरत का शपथ ग्रहण कार्यक्रम




## सूरत संभावनाओं का शहरः श्री राजेन्द्र लुंकड़

**सूरत. शाबाश इंडिया।** भारतीय जैन संघटना सूरत इकाई की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम अजमेरा फैशन के अजय अजमेरा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। वी आई पी रोड़ स्थित भगवान महावीर यूनिवर्सिटी में बी जे एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र लुंकड़ ने अजमेरा को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। अजमेरा के साथ रौनक कांकरिया महासचिव, कैलाश झाबक, डॉ सुरेन्द्र मुणोत, के के जैन, अरविंद कोठारी (उपाध्यक्ष) सतीश संकलेचा एवं डॉ श्रेयांस जैन सह सचिव व सी ए अरिहंत जैन ने कोषाध्यक्ष पद व फेनिल कोठारी ने सह कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। इसके अलावा कल्चरल कमेटी में संतोष गोगड़, ललित जैन व किशोर भंसाली तथा मीडिया एवं पब्लिसिटी में संजय बोथरा व राजू तातेड़ को जोड़ा गया। इस अवसर पर अनेक सदस्यों ने कार्यकारिणी की भी शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर महिला इकाई के अध्यक्ष पद पर मोनिका मण्डोत ने अपनी सम्पूर्ण कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर सूरत इकाई के निवर्तमान अध्यक्ष व बी जे एस के गुजरात प्रदेशअध्यक्ष प्रो डॉ संजय जैन ने अपने उद्गार प्रकट किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र लुंकड़ ने कहा कि भारतीय जैन संघटना की लगभग 1 हजार शाखाओं से जुड़े हजारों समर्पित कार्यकर्ता देश भर में सेवा कार्यों से जुटे हुए हैं, 37 वर्ष पूर्व पुणे के समाजसेवी शांतिलाल मुथा ने शादियों में हो रही फिजूलखर्ची को लेकर एक मुहिम चलाई और एक लक्ष्य निर्धारित किया कि समाज मे शादियां खचीर्ली कत्तई नही होनी चाहिए, तब से लेकर अब तक बी जे एस स्मार्ट गर्ल, शिक्षा प्रॉजेक्ट, चिकित्सा, जल सरंक्षण व संवर्धन, माइनॉरिटी, ई डब्ल्यू एस, एम एस एम ई व प्राकृतिक आपदा जैसे विषयों पर बड़ी बारीकी से कार्य कर रही है व इससे जुड़े कार्यकर्ता अपने समर्पण भाव से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। लुंकड़ ने कहा कि महज 2 वर्षों की अवधि में सूरत बी जे एस इकाई ने सेवा के अनेक कार्य किए हैं व इतिहास भी रचा है। यही वजह है कि डॉ हर्षिता जैन के नेतृत्व में स्मार्ट गर्ल प्रॉजेक्ट के अंतर्गत सूरत सम्पूर्ण भारत मे अग्रणी स्थान पर खड़ा है, आपने आगे कहा कि वाकई सूरत संभावनाओं का शहर हैं और यहां के लोग कर्मयोद्धा है। इस अवसर पर सूरत इकाई के संस्थापक श्री गणपत भंसाली ने भी अपने उद्गार प्रकट किए। मंच पर बी जे एस की स्मार्ट गर्ल की राष्ट्रीय प्रभारी डॉ हर्षिता जैन, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष प्रॉ डॉ संजय जैन, गुजरात के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश सुराणा , अतिथि डोनेट लाइफ के नीलेश भाई मांडले वाला, साकेत ग्रुप के फाउंडर सांवर मल बुधिया, मशहूर शुफी गायक भाविन शास्त्री, फोस्टा के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, फोस्टा के पूर्व अध्यक्ष ताराचंद कासट, राजस्थान युवा संघ के अध्यक्ष विक्रम सिंह शेखावत, बी जे एस परामर्शक डॉ, निर्मल चोरड़िया, संजय सुराणा, कनक बेन बरमेचा, महेंद्र गांग, संजय अग्रवाल जैन, राकेश जैन तथा गुजरात प्रदेश के नवमनोनीत मंत्री संजय चावत आदि महानुभाव उपस्थित थे।

# चंद्रप्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया, निर्वाण लड्डू चढ़ाया

**टोंक. शाबाश इंडिया**

श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर तेरापंथीयान माणक चौक पुरानी टोंक में दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक दिवस रविवार को मनाया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष देवराज काला, मंत्री चेतन बिलासपुरिया ने बताया कि चंद्रप्रभु मंदिर में परम पूज्य आचार्य गुरुवर इंद्र नंदी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में प्रातः बेला में भगवान का अभिषेक,शांतिधारा के पश्चात नित्य नियम पूजा, भगवान चंद्रप्रभु की पूजा, णमोकार पूजा, नव देवता पूजा ,24 तीर्थंकर की पूजा की गई निर्वाण कांड का वाचन करते हुए जयकारों के बीच भगवान चंद्रप्रभु को सामूहिक रूप से प्रकाश सोनी, अशोक



छाबड़ा, चेतन चंद्रशेखर, कमल, रोहित, शिखर चंद, पारस आदि ने 11 किलो का लड्डू चढ़ाया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी भगवान को लड्डू, श्रीफल , चावल , बादाम ,लोंग सहित अष्ट द्रव्य चढ़ाए । श्रद्धालुओं ने भगवान चंद्रप्रभु के जयकारे लगाए भगवान पार्श्वनाथ की वेदी चौबीस भगवान की वेदी जिनवाणी माता एवं सरस्वती भंडार पर भी लड्डू चढ़ाए गए इस अवसर पर मंदिर में सरावगी समाज टोंक के अध्यक्ष रमेश छाबड़ा अतिशय क्षेत्र साखना के अध्यक्ष प्रकाश सोनी राहुल जैन संजू चमेली मधु प्रेमलता सुमन आशा प्रकाश पटवारी महावीर पवन जिनेन्द्र सुरेंद्र सहित जयपुर अजमेर कोटा इंदौर मुंबई एवं टोंक शहर के समस्त कालोनियों से सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे। प्रकाश पटवारी ने बताया कि मोक्ष कल्याणक दिवस के अवसर पर श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन नसिया तेरापंथी, श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन नसिया श्याम बाबा,श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन चैत्यालय बाबरो का चौक में भी भक्ति भाव के साथ निर्वाण लड्डू चढ़ाए गए शहर के सभी जिनालयों में आज के दिन विशेष पूजा अर्चना की गई।

## तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



**फागी. शाबाश इंडिया।** फागी कस्बे के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर, पारसनाथ जैन मंदिर, चंद्रप्रभु नसिया, चंद्रपुरी जिनालय सहित कस्बे के सभी जिनालयों में एवं परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चोरू, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, लदाना के जिनालयों में आज जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ जोर शोर से मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने मीडिया को अवगत कराया कि चंद्रपुरी जिनालय में आज विशेष पूजा अर्चना की गई कार्यक्रम में प्रातः अभिषेक, शांतिधारा एवं अष्टद्रव्यों से पूजा हुई, तथा पूजा के दौरान भगवान चंद्र प्रभु का मोक्ष कल्याणक का अर्घ्य चढ़ाकर निर्वाण कांड भाषा का उच्चारण करते हुए प्रातः 8 बजे सामूहिक रूप से मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू श्री जी के समक्ष चढ़ाया गया, एवं विश्व के लिए सुख समृद्धि और शांति की कामना की गई।उक्त कार्यक्रम में चंद्रपुरी मंदिर समिति के संरक्षक चम्पा लाल जैन, महावीर अजमेरा,सुरेश गंगवाल, मंदिर समिति अध्यक्ष सत्येन्द्र झंडा, अशोक नला,सुनिल गंगवाल, पवन गंगवाल, बाबूलाल पहाड़िया, सोनू गंगवाल, नरेंद्र झंडा तथा राजाबाबू गोधा एवं मुन्ना अजमेरा,गेंन्दी झंडा,मैना नला,बरखा गंगवाल,रेखा झंडा,विनीता झंडा तथा प्रिया गंगवाल सहित काफी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।

## 56 रोगियों ने हड्डी रोग शिविर में लिया लाभ




**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**

महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में श्रीमती गुणमालादेवी कमलकुमार पाण्ड्या के सौजन्य से अरिहन्त हेल्थ केयर सेन्टर, कुचामन सिटी में रविवार, 26 फरवरी को राजस्थान के विख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ , जॉइन्ट एवं घुटना रिपलेस्मेंट लिगामेंट सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन, राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा 56 रोगियों की निःशुल्क जाँच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर संयोजक सुरेश गौड व नरेश झांझरी ने बताया कि शिविर में 28 रोगियों के एक्सरे व 27 रोगियों की खून की जाँच निःशुल्क की गई साथ ही 55 रोगियों की निःशुल्क बी.एम.डी. जाँच महेश कुमावत, व दीपक कुमावत ने मधुसुदन शर्मा के सहयोग से की गई, शिविर प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को नियमित आयोजन किया जायेगा। अशोक अजमेरा ने बताया कि कैलाश पाण्ड्या, नन्दकिशोर बिडसर, सुरेश गौड, पवन बंसल, प्रदीप गंगवाल, जीवणसिंह, नरेश झांझरी, सरोज पाटनी, बोदुलाल कुमावत, चन्दु भार्गव, शिविर के सहयोगी रहे। डॉ. जितेश जैन ने संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## जनकपुरी में जैनधर्म के 8 वें तीर्थंकर देवादिदेव श्री 1008 चन्द्र प्रभु भगवान का मनाया मोक्ष कल्याणक



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में रविवार को भगवान के श्री चरणों में अपने समस्त दुखों की निर्वृत्ति हेतु अर्थात निर्वाण की भावना के साथ आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्र प्रभु के मोक्ष कल्याण पर निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम बिलाला ने बताया की श्री चंद्रप्रभु जी का जन्म चन्द्रपुरी में इक्ष्वाकु कुल में हुआ था । इनके पिता का नाम महासेन तथा माता का नाम लक्ष्मणा था। प्रभु की देह का रंग दूध की भांती धवल था, इन्का प्रतीक चिह्न चन्द्रमां था। प्रातः अभिषेक शान्तिधारा व पूजन के बाद निर्वाण काण्ड वाचन कर भगवान के निर्वाण कल्याणक को लाडू समर्पित कर सामूहिक रूप से धर्म प्रभावना के साथ मनाया गया जिसमे समाज के गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता रही ।

## दुर्गापुरा में भगवान चन्द्रप्रभ जी के मोक्ष कल्याणक दिवस पर भक्ति भाव से सामूहिक निर्वाण लाडू चढ़ाया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी ट्रस्ट दुर्गापुरा जयपुर द्वारा दुर्गापुरा जैन मंदिर में फाल्गुन शुक्ला सप्तमी रविवार 26 फरवरी को प्रातः काल भगवान चन्द्रप्रभ जी के मोक्ष कल्याणक दिवस पर अभिषेक शांतिधारा के पश्चात भगवान चन्द्रप्रभ जी की पूजा भक्ति भाव से पंडित दीपक जी शास्त्री एवं महावीर प्रसाद जी जैन बाकलीवाल ने कराते हुए निर्वाण काण्ड भाषा के सामूहिक वाचन के बाद सामूहिक निर्वाण लाडू चढ़ाया। अध्यक्ष प्रकाश चन्द जैन चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र कुमार जैन काला ने बताया कि अष्टम तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभ जी के मोक्ष कल्याणक दिवस पर प्रथम अभिषेक शांति धारा करने का पुण्यार्जन जी. सी. जैन श्रीमती विशल्या जैन बड़जात्या परिवार ने प्राप्त किया। 13 पुण्यार्जक परिवारों के नाम शांति धारा में उच्चारित किए गए। सभी ने हर्षोल्लास के साथ मोक्ष कल्याणक पर्व पर निर्वाण लाडू चढ़ा कर पुण्यार्जन प्राप्त किया।




## दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी की प्रबन्धकारिणी कमेटी के चुनाव संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी की प्रबन्धकारिणी कमेटी के पदाधिकारियों के त्रैवार्षिक चुनाव नारायणसिंह सर्किल, जयपुर स्थित दिगम्बर जैन नसियां भट्टारकजी परिसर के शांतादेवी ताराचन्द बडजात्या कान्फ्रेन्स हॉल में चुनाव अधिकारी डॉ. पदमकुमार जैन एवं श्री रूपिन के. काला द्वारा सम्पन्न कराये गये, जिसमें निम्न महानुभाव निर्वाचित घोषित हुए :- श्री सुधान्शु कासलीवालः अध्यक्ष, श्री शांतिकुमार जैनः उपाध्यक्ष, श्री सी.पी. जैनः उपाध्यक्ष, श्री महेन्द्रकुमार पाटनीः मानद मंत्री, श्री सुभाषचन्द जैनः संयुक्त मंत्री, श्री उमरावमल संघीः संयुक्त मंत्री, विवेक कालाः कोषाध्यक्ष।

### आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com